**Voluntary Blood Donation Camp at Patna (3rd Oct. 2012):** Voluntary Blood Donation Camp was organised at premises of Bajaj Allianz Office. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi made the people aware about the benefit of blood donation during his motivational talk. Dr Tejaswi also donated his blood on this occasion.



पटना, 4 अक्टूबर 2012 दैनिक जागरण

# गैर लाइसेंसी बैंकों से न खरीदें रक्त

◆ साल में कम से कम दो बार कर सकते रक्त दान

कार्यालय प्रतिनिधि, पटना : एक इकाई (350 मिली लीटर) रक्त से कम से कम तीन इंसानों की जान बच सकती है। साल में कम से कम दो बार रक्त दान देने से किसी प्रकार की कमजोरी भी नहीं आती है। 18 से 58 साल का कोई भी व्यक्ति जिसका हीमोग्लोबिन 12.5 प्रतिशत से अधिक हो रक्तदान कर सकता है। उक्त बातें बुधवार को पब्लिक अवेयरनेस फार हेल्थफुल अप्रोच फार लिविंग पहल के तत्वाधान में बजाज एलियांज कार्यालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डा. दिवाकर तेजस्वी ने कहीं।

डा. दिवाकर ने बताया कि रक्तदान के समय एचआइवी, हेपेटाइटिस बी वायरस, हेपेटाइटिस सी वायरस, मलेरिया एवं सिफलिस की जांच निःशुल्क की जाती है। उन्होंने कहा कि बाजार में खून बेचना कानूनन जुर्म है। गैर लाइसेंसी ब्लड बैंक से खून खरीदना एचआइवी व हेपेटाइटिस बी जैसे गंभीर रोगों को बुलावा देना है। देश में 2 प्रतिशत लोग संक्रमित खून से ही एचआइवी की चपेट में आते हैं। शिविर में बजाज एलियांज बिहार-झारखंड के हेड प्रवीण कुमार मिश्रा एवं राजीव रोशन भी उपस्थित थे।

**Health Checkup Camp for Older Person, Patna City (4th Oct. 2012):** Free Health Checkup camp for older persons was organised jointly by Nayee Disha and PAHAL. Medical Director of PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi examined the patients. They were provided free medical advices. Many older persons were benefited during the camp.



प्रभात खबर पटना, शुक्रवार, 5 अक्टूबर, 2012

## वृद्धों का हुआ इलाज

**पटना सिटी** ■ पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) व नयी दिशा परिवार की ओर से गुरुवार को बीमार वृद्धों के बीच चिकित्सकीय परामर्श का अभियान चलाया गया. पहल के निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने गिरिराज उत्सव पैलस, बेलवरगंज में आयोजित कार्यक्रम में वृद्धों को चिकित्सकीय परामर्श दिया. इतना ही नहीं गली-मोहल्लों में घर-घर जाकर भी बीमार वृद्धों को देखा व दवा उपलब्ध करायी. उन्होंने बताया कि वृद्धों में रक्तचाप व गैस्टिक की बीमारी अधिक पायी जाती है. कार्यक्रम में राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव, राजेश राज, रितू राज, सूरज वर्मा, राकेश बल्लभ, प्रिया अग्रवाल, श्याम नारायण दास व पवन कुमार समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

**<u>Health Awareness Program at Rajkiya Sanskrit Mahavidyalaya, Patna (7th Oct. 2012):</u>** Health Awareness Program was organised by NSS at Sanskrit Rajkiya Mahavidyalaya, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi in his talk focused on the HIV/AIDS related issues. Dr Tejaswi answered all the queries raised by the students during the interactive session.



हिन्दुस्तान

पटना • सोमवार • 08 अक्टूबर 2012

## खान-पान के साथ व्यायाम पर भी दें ध्यान

**पटना।** राजधानी के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सी. पी. ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता के ऐसे कार्यक्रमों का सीधा लाभ आम जनमानस को होगा। उन्होंने व्यायाम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान देने की बात भी दुहराई। चिकित्सक दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि स्वस्थ मानसिकता के साथ जागरु कता अभियान के उचित प्रयासों से ही एड्स जैसी गंभीर बीमारियों से निजात पाई जा सकती है। संस्कृत विवि के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार पांडेय ने कहा कि व्यक्ति के संस्कार के निर्माण में संस्कृत भाषा की महती भूमिका रही है।

**<u>Dengue Awareness Program at Trans-Pacific Classess, Kankarbagh, Patna (2nd Nov. 2012):</u>** PAHAL organised an awareness program on Dengue at Trans-Pacific Classes. In his lecture, Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi talked about the symptoms, preventive methods as well as treatment of Dengue.



• पटना • शनिवार • 03 नवम्बर 2012 हिन्दुस्तान

## डेंगू जागरूकता कार्यक्रम

**पटना।** डेंगू का कहर हर दिन बढ़ता जा रहा है। सामाजिक संस्था 'पहल' की ओर से डेंगू को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं। संस्था के अध्यक्ष डॉ दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि डेंगू होने से घबराना नहीं है। इस बीमारी से संक्रमित महज 5 प्रतिशत के लगभग रोगियों को डेंगू हिमोरैजिक फीवर होने की संभावना होती है, जो गंभीर हो सकता है। लेकिन इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है साथ ही इससे बचाव के भी कई उपाय हैं। डेंगू की जानकारी देते हुए डॉ तेजस्वी ने बताया कि इसके उपचार के लिए रोगी के शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। मच्छरों को दूर भगाने के लिए टिकिया, मच्छरदानी व अन्य चीजों का प्रयोग जरुर करें। कार्यक्रम के अवसर पर ट्रांस पैसिफिक क्लासेज के निदेशक अनुज कुमार, पवन कुमार साव, सुमन कुमार, नीरज कुमार, नीतिन कुमार, झाणेश कुमार मिश्रा व अन्य लोग उपस्थित थे। (**हिप्र.**)

**<u>Painting Competition for Children, Patna (14th Nov. 2012):</u>** PAHAL organised a painting competition for children to mark the Children's Day. Prizes were awarded to the winner. PAHAL's Advisor, Dr Kiran Sharan coordinated the competition. Many children participated in painting competition.



प्रभात खबर

पटना, गुरुवार, 15 नवंबर, 2012



**प्रतिभा के रंग**

बाल दिवस पर बुधवार को डॉ किरण शरण के क्लिनिक में 'रंग भरो प्रतियोगिता' पहल की ओर से आयोजित की गयी. इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कुमारी आद्या, द्वितीय पुरस्कार सॉफ्टी एवं काजल व तृतीय पुरस्कार राज सागर, शिल्पी एवं आदित्या रजन को मिला.

**Dengue Awareness Program at Gandhi Museum hall, Patna (27th Nov. 2012):** Medical Director of PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi delivered lecture on dengue in dengue awareness program organised by National Institute of Rural Development.



THE TIMES OF INDIA, PATNA * WEDNESDAY, NOVEMBER 28, 2012

**Dengue awareness:** National Institute of Rural Development organized a dengue awareness programme at Gandhi Sanghralaya on Tuesday. Medical director of public awareness for healthful approach for living (Pahal), Dr Diwakar Tejaswi, said there was no need to panic for dengue fever. He said only 5% dengue patients develop haemorrhagic fever, which is serious. He said Aedes mosquitoes bite during day time and they grow rapidly in water kept in containers, coolers, indoor and outdoor flowerpots and water tanks. He said few precautions can prevent its occurance.

**Free Cataract Surgery and Lens Implantation, Patna (28th Nov. 2012):** PAHAL organised free cataract surgery and lens implantation camp for the poor in memory of Late Anupma Prasad. The camp was supported by eminent Surgeon of Bihar, Dr Narendra Prasad and Dr Alok Abhijit. 30 selected poor patients went under surgery under the supervision and proper care of Eye Specialist, Dr Ashwini Kumar at Patna Netralaya, Patna.

नवबिहार पटना, गुरुवार, 29 नवम्बर, 2012

# निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता पटना

पब्लिक अवेयरनेस फॉर लिविंग के तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण के साथ बोरिंग रोड स्थित पटना नेत्रालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ, डा.अश्विनी कुमार की देख-रेख में किया गया। इस कैंप का आयोजन स्व.अनुपमा प्रसाद के याद में उनकी पूण्य तिथि के अवसर पर किया गया।

इस कैंप में तीस बुजूर्ग गरीब मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन एवं प्रत्यारोपण किया गया। इस अवसर पर डा.अश्विनी कुमार ने लोगों को आंखों की देख-रेख के बारे में जानकारी दी। औपटोमेट्री मीरा नारायण ने रोगियों का शल्य के पूर्व परीक्षण किया। इस कैंप का आयोजन वरिष्ठ सर्जन, डा.नरेन्द्र प्रसाद एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डा.आलोक अभिजित के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डा.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि पहल जनभावना से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है तथा आगे भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, डा.केके शरण, शिशु रोग विशेषज्ञ, डा.किरण शरण, आनंद द्विवेदी, स्मृति सिन्हा सहित पहल के कार्यक्रम सहायक पवन कुमार साव, नीरज कुमार एवं शिव कुमार उपस्थित थे।

**PRESS Conference on the eve of World AIDS Day at Hotel Sarvodaya, Patna (30th Nov. 2012):** On the eve of World AIDS Day, a press conference was organised under the banner of PAHAL. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi addressed the media persons and general people and shared the updated information regarding HIV/AIDS. On this occasion Advisor of PAHAL & Pediatrician, Dr Kiran Sharan, Tresurer Sri Anand Dwivedi and noted infertility specialist Dr Sarika Roy also addressed the people.

अर्ली मॉर्निंग शनिवार, 01.12.12

# सूबे में एचआइवी संक्रमितों की संख्या डेढ़ लाख

संवाददाता

पटना। सूबे में एचआइवी संक्रमितों की संख्या डेढ़ लाख से ऊपर हो चुकी है, जो चिन्ता का विषय है। भारत में प्रतिवर्ष 12 हजार नए एचआइवी संक्रमण का पता चल रहा है। इन दिनों विश्व में एक करोड़ चालीस लाख एचआइवी संक्रमित हैं। इनमें से मात्र 68 लाख व्यक्ति ही एड्स की दवा प्राप्त कर पा रहे हैं। सूबे के डेढ़ लाख मरीजों में से भी मात्र 50 हजार ही चिन्हित हो पाए हैं-उक्त बातें पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। इस अवसर पर उन्होंने बिहार नेटवर्क ऑफ पीपुल लिविंग विथ एचआइवी एड्स के अध्यक्ष ज्ञानरंजन सहित कई एड्स रोगियों पर मुकदमा चला कर जेल भेजे जाने को दुर्भग्यपूर्ण करार देते हुए




इनके अविलम्ब रिहाई की मांग की। उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि ज्ञानरंजन एड्स से गंभीर रूप पीड़ित हैं और उनका सेकेंड लाइन ट्रिटमेंट चल रहा है। यदि उनकी शीघ्र रिहाई नहीं हुई तो उनकी बीमारी गंभीर रूप धारण कर सकती है।शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण शरण ने कहा कि एड्स पीड़ित गर्भवती महिलाएं भी स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती हैं यदि गर्भावस्था के दौरान वे चिकित्सकीय देखरेख में रहें और नियमित रूप से दवाएं लें।

**World AIDS Day: Free HIV Testing and Awareness Camp near Gaighat, Patna City (1st Dec. 2012):** To mark the World AIDS Day, PAHAL organised a free HIV testing and Awareness camp near Gaighat crossing, Patna City. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi delivered awareness speech and answer the query raised by the visitors during the camp.

राष्ट्रीय सहारा पटना • सोमवार • 3 दिसम्बर • 2012

## सूबे में एक लाख से ज्यादा एचआईवी संक्रमित

पटना सिटी (एसएनबी)। राजधानी के जाने माने फीजिशियन सह पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा है कि बिहार में एक लाख से अधिक लोग एचआईवी से संक्रमित है। इनमें महज 50 हजार को ही चिन्हित किया गया है। जबकि देश में हर साल 12 हजार नए मामला आता है। अन्तर्राष्ट्रीय एड्स सोसायटी के वरीय सदस्य डॉ. तेजस्वी ने बताया कि एचआईवी फैलने के चार मुख्य वजह है।

इनमें असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सूई का इस्तेमाल, संक्रमित ब्लड और संक्रमित महिला से उसके नवजात शिशुओं में संक्रमण का

▶ एड्स दिवस पर कई जगहों पर लगा एचआईवी जांच शिविर

खतरा रहता है। 85 फीसदी से अधिक एचआईवी एड्स के रोगियों में टीबी का लक्षण देखा जा रहा है। डॉ. तेजस्वी ने यूनिवर्शल वर्कस प्रीकॉसन के जरिए एड्स से बचने का टिप्स दिया।

पहल द्वारा गायघाट पुल के पास लगाए गए शिविर में सहायक पवन कुमार, मनोज कुमार, नीरज कुमार, निशांत, संदीप, ज्ञानेश रंजन, शिव कुमार सहित कई थे। दूसरी तरफ निदान द्वारा हजारों लोगों को एड्स से बचाव के बारे में बताया गया। गायघाट पुल के पास आयोजित शिविर में स्कूली बच्चे ने रेड रिबन लगवाया। संचालन टीआई परियोजना के अशोक कुमार, सुमन विश्वास, हरेन्द्र कुमार ने सहयोग किया। समन्यवयन परियोजना प्रबंधक गोपाल कृष्ण ने किया। वहीं इनर व्हील क्लब द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। कई क्षेत्रों में पर्चा बांटकर सैकड़ों लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर अध्यक्ष लता कपूर और सचिव ज्योति राठी उपस्थित थी।




विश्व एड्स दिवस पर आयोजित शिविर में जांच करते डॉ. तेजस्वी।

उधर, सिस्टर निवेदिता मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

▶ विभिन्न संगठनों ने चलाया जागरूकता अभियान

वक्ताओं ने एड्स के कारणों और उसके निदान पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता महासचिव अमर सिंह व प्रबंधक मोहन गुप्ता ने किया। सभी ने एड्स से बचाव के बारे में जागरूक किया। डॉ. सत्येन्द्र गांधी, सुनील चंदन, यासमिन उपस्थित थे। उधर नया गांव स्थित एक्सपर्ट कंप्युटर सेंटर में निदेशक विनय रंजन के अध्यक्षता में आज के युवा और एड्स विपयक सेमिनार का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने एड्स पर विचार रखा।

**5th R. K. Memorial Cancer Prevention Program, Patna (9th Dec. 2012):** 5th R. K. Memorial Cancer Prevention Program was organised by PAHAL. Dr Kiran Sharan inaugurated the program. Dr K K Sharan, ENT Specialist talked about the deadly cancer and its causes. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi, in his speech urged the people not to chew gutkha and avoid smoking.


राष्ट्रीय सहारा पटना । सोमवार • 10 दिसम्बर • 2012

## कैंसर का मुख्य कारण गुटखा

पटना (एसएनबी)। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) की ओर से रविवार को 'पांचवा आरके मेमोरियल मुख कैंसर प्रिवेंशन कार्यक्रम' आयोजित किया गया। 'गुटखा स्वाहा' कार्यक्रम नाम से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन किरण शरण ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुख का कैंसर एक बड़ी समस्या है तथा इस समस्या से निपटने के लिए तम्बाकू की बिक्री पर रोक बेहद जरूरी है।

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. केके शरण ने बताया कि इस बीमारी का मुख्य कारण तम्बाकू सेवन है। युवाओं में गुटखे का बढ़ता प्रचलन बेहद चिंताजनक है। डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि बिहार में 66.6 प्रतिशत पुरुष एवं आठ प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तंबाकू का प्रयोग करतीं हैं। बिहार में बीड़ी या सिगरेट पीने वालो जनसंख्या में पुरुषों का हिस्सा 29 प्रतिशत एवं महिलाओं का 9 प्रतिशत है। इस मौके पर नंदनी शरण, पवन कुमार साव, सुमन कुमार, मनोज कुमार, शिव कुमार एवं नीरज कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**XDR TB Awareness Program at Gandhi Museum Hall, Patna (13th Dec. 2012):** TB Awareness Program was organised at Gandhi Sangrahalaya, Patna by National Institute of Rural Development (NIRD). Medical Director of PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi delivered lecture on XDR and MDR TB. Many NGO executives and students attended the program.



THE TIMES OF INDIA, PATNA
FRIDAY, DECEMBER 14, 2012

**TB awareness:** A tuberculosis (TB) awareness programme was held on Thursday at Gandhi Sangrahalaya by the National Institute of Rural Development under the aegis of ministry of rural development. Medical director, Public Awareness for Healthful Approach for Living (PAHAL), Diwakar Tejaswi said in Bihar 3-4% TB cases are reported to be multidrug resistant (MDR), while the relapse cases of MDR TB are around 15%.

**Free BMD and BMI Checkup Camp, Patna (16th Dec. 2012):** Bone Mineral Density (BMD) and Body Mass Index (BMI) checkup camp was jointly organised by Rotary Pataliputra and PAHAL at Exhibition Road, Patna. About 75 persons were examined during camp. Medical Director of PAHAL in his talk focus on the danger of obesity



राष्ट्रीय सहारा
पटना। सोमवार • 17 दिसम्बर • 2012

**असमय मृत्यु का कारण बन रहा मोटापा**

पटना (एसएनबी)। 'रोटरी पाटलिपुत्र' एवं 'पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल)' के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क मोटापा (बॉडी मॉस इन्डेक्स) एवं हड्डी के घनत्व (बोन मिनरल डेनसिटी) जांच का आयोजन किया गया। डॉ. दिवाकर तेजस्वी की क्लिनिक में आयोजित इस शिविर में 75 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी। शिविर में डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि मोटापा असमय मृत्यु का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। इससे मधुमेह एवं ब्लडप्रेशर की बीमारियां होने की भी अत्यधिक आशंका रहती है। हड्डियों की कमजोरी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में चालीस वर्ष से ऊपर की आयु की 34 प्रतिशत महिलाएं ऑस्टियोपेनियां एवं आठ प्रतिशत महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से प्रभावित है। यह महिलाओं में हड्डियों के आसानी से टूटने का प्रमुख कारण है।

**Health Awareness Camp at Blooming Rose Public School, Patna (18th Dec. 2012):** Health Awareness Program for the students of Blooming Rose Public School organized jointly by The Pioneer Lingua and PAHAL. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered lecture on healthy living. He described the good habits to improve the way of living.



नवबिहार
पटना, बुधवार, 19 दिसम्बर, 2012

**सेमिनार का आयोजन**

पटना : द पायनियर लिंगुआ के तत्वाधान में स्थानीय ब्लूमिंग रोज पब्लिक स्कूल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी नें छात्रों को अपने डेली रूटिन को सही रूप में उपयोग में लाना चाहिए। सुबह में जल्दी जागें एवं रात्री में लेट तक पढ़ाई करना बहुत लाभकारी नहीं होता है। आप कम से कम 6 घंटे गहरी नींद में अवश्य सोयें जिसे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। फास्ट फूड खाने से परहेज करें। सुबह एवं शाम दोनो समय ब्रश कर दाँतों को साफ रखें। खांसते समय मुंह पर रूमान अवश्य रखें।

**HIV/AIDS Awareness Program at Women's College, Patna (19th Dec. 2012):**
HIV/AIDS Awareness Program was organised by Red Ribbon Club at Women's Training College. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi was the key note speaker of the program. In his lecture, Dr Tejaswi provided updated information about HIV/AIDS.


प्रभात खबर

पटना, गुरुवार 20 दिसंबर, 2012

# एचआइवी पीड़ितों की संख्या में आयी कमी

जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ दिवाकर तेजस्वी.

**पटना** ■ वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में बुधवार को एचआइवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि एचआइवी के नये संक्रमण की दर में 50 फीसदी तक कमी आयी है, जो सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के अथक प्रयास से संभव हुआ है. लेकिन, अभी इस क्षेत्र में एकजुट होकर और काम करने की जरूरत है. डॉ तेजस्वी ने एचआइवी संक्रमण के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एचआइवी साथ रहने से नहीं फैलता है. यह संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित सूई का प्रयोग करने, संक्रमित खून चढ़ाने से फैलता है. कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब की कॉर्डिनेटर डॉ शशि प्रभा, नीलम गुप्ता सहित आदि मौजूद थे.

**"Gyanshee Scholarship Scheme", Patna (25th Dec. 2012):** Under Gyanshree Scholarship Scheme, PAHAL organised an event to distribute scholarship to the students in presence of its Advisor Mr Vibhakar Yasaswi at PAHAL's office, Patna. The scholarship program was started by PAHAL with the aim to provide partial help to the poor students to complete their primary education. Eight selected students getting this benefit provided by PAHAL.


राष्ट्रीय सहारा

पटना ● बुधवार ● 26 दिसम्बर ● 2012

# आठ बच्चों को मिली छात्रवृत्ति की राशि

**पटना।** 'पहल' द्वारा चलायी जा रही ज्ञानश्री छात्रवृति योजना के तहत मंगलवार को चयनित आठ गरीब बच्चों को यूएसए से आये पहल के सलाहकार विभाकर यशस्वी ने छात्रवृति राशि की मासिक किश्त प्रदान की। प्रत्येक बच्चों को 500 रुपये दिये गये। इस मौके पर पहल के चिकित्सक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि छात्रवृति के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है। शिक्षित समाज ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण कर सकता है। किरण शरण और डॉ. केके शरण ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में पवन कुमार, नीलिमा गुप्ता, सुमन कुमार, मनोज कुमार और नीरज कुमार उपस्थि थे।

**Free Hepatitis B Testing Camp, Patna (16th Jan. 2013):** Free Hepatitis B Checkup camp was organised under the banner of PAHAL at Exhibition Road, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi inaugurated the program and provide the information regarding Hepatitis and its prevention. Many people were tested for Hepatitis B at the camp. About 125 people were benefited during the camp.



प्रत्यूष नवबिहार पटना, गुरुवार, 17 जनवरी, 2013

# निःशुल्क हेपटाइटिस जांच शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता पटना

पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग एवं रोटरी पाटलिपुत्रा की ओर से निःशुल्क हेपेटाईटिस-बी स्वास्थ्य जागरुकता एवं जांच शिविर का आयोजन बुधवार को डॉ दिवाकर तेजस्वी के क्लीनिक में किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए पहल के चिकित्सा निदेशक एवं रोटरी पाटलिपुत्रा के अध्यक्ष डॉ तेजस्वी ने बताया कि हेपेटाईटिस-बी का संक्रमण हमारे समाज में तेजी से फैलता जा रहा है। करीब 5 से 6 प्रतिशत लोग इसके संक्रमण की चपेट में हैं। हेपेटाईटिस-बी लीवर में सूजन के साथ-साथ सिरोसिस एवं लीवर कैंसर का कारण बन सकता है जो जानलेवा होता है। इससे बचाव का सर्वोत्तम उपाय टीकाकरण है। उन्होंने बताया कि यह रोग रोगी या हेपेटाईटिस संक्रमित व्यक्ति के रक्त के सम्पर्क होने से फैलता है। जैसे ब्लड ट्रान्सफ्यूजन, एक ही सिरिंज के प्रयोग, सूई से कान छेदना, गोदना, संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित मां से गर्भ में भ्रूण को एवं संक्रमित मां द्वारा स्तनपान कराने से उसके बच्चे में फैलता है। इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका हेपेटाईटिस बी इम्यूनोग्लोबुलीन की सुई 12 घंटे के भीतर लगाना है। हेपेटाईटिस का टीका 95 प्रतिशत रोगियों में प्रभावी होता है तथा इसे तीन बार सुई लगाकर देना चाहिए। इस कैम्प में 125 लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर पहल की निलिमा गुप्ता, पवन कुमार साव, सुमन कुमार, शिव कुमार, मनोज कुमार, नीरज कुमार, रघु कुमार आदि मौजूद थे।

**Cancer Awareness Program on World Cancer Day, Patna (4th Feb. 2013):** To mark the Word Cancer Day, PAHAL organised the awareness program on cancer at Exhibition Road, Patna. On this occasion PAHAL's Medical Director Dr Diwakar Tejaswi and ENT Specialist Dr K K Sharan addressed the people and made talked about the deadly cancer and its prevention.

**Talk on Empowerment of Women at Gandhi Sanghralaya, Patna (12th Feb. 2013):** A talk on Empowerment of Women was organised by National Institute of Rural Development, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi was one of the speakers of the program.



प्रत्यूष नवबिहार पटना, बुधवार, 13 फरवरी, 2013

# महिलाओं को मिले समान सुविधाएं

पटना : गांधी संग्रहालय में नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ रूलर डेवेलपमेंट पटना के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने देश एवं बिहार में घटते लिंग अनुपात को चिन्ता जनक बताते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति सामाजिक, स्वास्थ्य, आर्थि व्यवसायिक एवं शैक्षणिक स्तर पर अनेक कारणों से नीचे है। जिसके कारण भ्रूण हत्या जैसी जघन्य अपराध हो रही है।

**Free Bone Mineral Density (BMD) Checkup & Awareness Camp, Patna (16th Feb. 2013):** PAHAL in collaboration with Roatry Pataliputra organised a free BMD checkup and Awareness camp at Exhibition Road, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi shared the information about BMD during awareness camp. Many people tested for BMD.

राष्ट्रीय सहारा 5
पटना • रविवार • 17 फरवरी • 2013

## हड्डियों की हुई जांच

पटना (एसएनबी)। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) एवं रोटरी पाटलिपुत्र के तत्वावधान में शनिवार को हड्डियों के घनत्व की जांच की गयी। डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कमजोर हड्डियों की समस्या का जिक्र करते हुये कहा कि भारत में 40 वर्ष से अधिक आयु की 34 प्रतिशत महिलायें औसटियोपेनिया एवं 80 प्रतिशत महिलायें औसटियोपोरोसिस की समस्या से पीड़ित हैं। यदि समय रहते इसकी जांच हो तो इस बीमारी से बचा जो सकता है। मौके पर सुबोध जैन, सच्चिदानंद, एकेपी सिन्हा, डॉ. शंकर नाथ, सुजाता सिन्हा, पवन कमुार, सुमन, नीरज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**HIV/AIDS Awareness Camp at Patna Youth Hostel, Patna (24th Feb. 2013):** An awareness program on HIV was organised by Nehru Youth Centre at Patna Youth Hostel Campus, Patna. Medical Director of PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi was the key note speaker in the awareness program. About 150 representatives from five States participated in the program.

राष्ट्रीय सहारा 5
पटना • सोमवार • 25 फरवरी • 2013

## सूबे में डेढ़ लाख एचआईवी संक्रमित

▶ तेजी से बढ़ रहा है महिलाओं में एचआईवी/एड्स
▶ एड्स के प्रति जागरूक हुए नेहरू युवा केन्द्र के कार्यकर्ता

पटना (एसएनबी)। नेहरू युवा केन्द्र की ओर से राज्य स्तरीय राष्ट्रीय एकता शिविर के शैक्षणिक सत्र में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूथ हॉस्टल में आयोजित इस शिविर में बरपेटा (आसाम), हुगली (पश्चिम बंगाल), मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश), गंगटोक (सिक्किम) तथा हजारीबाग के साथ-साथ बिहार के विभिन्न शहरों से आए 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर में पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने एचआईवी के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. तेजस्वी ने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित सूई का प्रयोग करने, एचआईवी संक्रमित खून के शरीर में चढ़ाने तथा संक्रमित गर्भवती महिला से उसके नवजात शिशुओं में संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने एचआईवी/एड्स के लक्षणों के बारे में बताया कि धीरे-धीरे वजन घटना, कमजोरी, लगातार दस्त, बुखार, ग्रंथियों में सूजन, फुंसियां, भूख में कमी आदि इस बीमारी के लक्षण है। उन्होंने कहा कि एचआईवी के संक्रमण के बाद टीबी की आशंका काफी बढ़ जाती है। बिहार में 85 प्रतिशत से अधिक एचआईवी संक्रमित मरीज टीबी की बीमारी से पीड़ित हैं। बिहार में आज दस वर्ष पहले कुल एड्स रोगियों में महिलाओं की संख्या पन्द्रह से बीस प्रतिशत के लगभग थी, जो आज बढ़कर करीब चालीस प्रतिशत से ऊपर हो चुकी है। बिहार में डेढ़ लाख के लगभग एचआईवी संक्रमित मरीज हैं, जिनमें मात्र पचास हजार लोग ही चिन्हित हो पाए हैं।



यूथ हॉस्टल में एचआईवी/एड्स अवेयरनेस प्रोग्राम में सम्मानित करते डॉ. दिवाकर तेजस्वी।

**Free Health Checkup Camp at Exhibition Road, Patna (25th Feb. 2013):** PAHAL organised free health checkup camp for Asthma and Body Mass Index (BMI) at Exhibition Road. Many people were tested for Asthma and BMI. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi advised the patients

**<u>Free Health Checkup Camp at Exhibition Road, Patna (3rd March 2013):</u>** PAHAL and Rotary Pataliputra jointly organised a free health checkup camp for Body Mass Index (BMI), Neuropathy, Blood Sugar, Lipid Profile and Uric Acid. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi shared his view on healthy living. About 120 persons were benefited during the camp.



हिन्दुस्तान पटना • सोमवार • 04 मार्च 2013

**सही खानपान से ही मधुमेह पर काबू**

**पटना।** रोटरी पाटलिपुत्रा और पहल की ओर से मोटापा, निरोपैथी, मधुमेह, लिपिड प्रोफाइल और यूरिक एसिड जांच का आयोजन किया गया। रविवार को एग्जीबिशन रोड, डॉ दिवाकर तेजस्वी क्लीनिक में इनकी निःशुल्क जांच हुई। संस्था के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि सही खान-पान और नियमित जांच से मधुमेह पर काबू पाया जा सकता है। मोटापा असमय मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। इससे मधुमेह और ब्लडप्रेशर की बीमारियां होने की अधिक आशंका रहती है। करीब 120 लोगों की निःशुल्क जांच हुई। रोटरियन सुबोध जैन, सच्चिदानंद, एकेपी सिन्हा, डॉ शंकर नाथ, सुजाता सिन्हा आदि मौजूद रहे।

**<u>Health Awareness Camp at J. D. Women's College, Patna (14th March 2013):</u>** PAHAL organised a talk on health issues and precautions to be taken in changing season at J. D. Women's College, Bailey Road, Patna. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi was the key note speaker of the program.

दैनिक जागरण पटना, 15 मार्च 2013



जेडी वीमेंस कालेज में एनएसएस इकाई के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में डा. दिवाकर तेजस्वी ने छात्राओं को मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी दी तथा उससे बचाव के उपाय भी बताएं।

**<u>HIV and TB Awareness Program at A. N. Sinha Institute, Patna (16th March 2013):</u>** Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered a lecture on HIV and TB in a

workshop organised by Bihar Voluntary Health Organization and Bihar Network of Positive People.



प्रभात खबर

पटना, रविवार
17 मार्च, 2013

रोजाना पांच हजार लोग हो रहे टीबी से आक्रांत

पटना ■ भारत में प्रतिदिन पांच हजार लोग टीबी के शिकार हो रहे हैं. फेफड़ों की टीबी से संक्रमित एक व्यक्ति साल में 10-15 लोगों को संक्रमित कर सकता है. यह जानकारी पहल के चिकित्सा निदेशक एवं रोटरी पाटलिपुत्र के अध्यक्ष डॉ दिवाकर तेजस्वी ने एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए दी. यह कार्यक्रम बीवीएचए और बिहार नेटवर्क ऑफ पीपुल लिविंग विद एचआइवी के द्वारा आयोजित किया गया. उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डियों एवं मस्तिष्क के टीबी रोगियों को डेढ़ साल से दो साल तक दवा का सेवन करना पड़ सकता है.

प्रशिक्षण देते डॉ दिवाकर तेजस्वी.

**<u>Free Metal Stress Level Testing Camp at Exhibition Road, Patna (19th March 2013):</u>** Free health checkup for mental stress level was organised at the premises of PAHAL's office. Many people  benefited during the camp.



सन्मार्ग

पटना, बुधवार 20 मार्च 2013

बढ़ता तनाव एवं मानसिक अवसाद एक गंभीर चुनौती

पटना : पहल के तत्वाधान में स्थानीय तेजस्वी क्लिनिक में मानसिक तनाव जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि आज 60 प्रतिशत भारतीय तनावपूर्ण दिनचर्या से गुजर रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार 80 प्रतिशत से अधिक महिलाओं में किसी ना किसी रूप में तनाव की स्थिति है। उन्होंने खराब मानसिक स्वास्थ्य वाले लक्षणों के बारे में बताते हुए कहा कि यदि आप हमेशा चिन्ता करते रहते हैं, मन को एकाग्र करने में असमर्थ हैं, बिना किसी उपयुक्त कारण के लगातार अप्रसन्न रहते हैं, बहुधा एवं जल्द ही क्रोधित हो जाते हैं, अनियमित निद्रा से त्रस्त हैं, अकारण ही भयभीत रहते हैं, हमेशा सही और दूसरे व्यक्ति को गलत महसूस करते हैं, अनेक दर्द और पीड़ा रहती है जिनका चिकित्सक कोई शारीरिक कारण नही ढूंढ पाते हैं तो ये खराब मानसिक स्थिति के लक्षण हैं। इनसे बचाव हेतु दिनचर्या में परिवर्तन, मनोवैज्ञानिक, कॉउंसलिंग एवं चिकित्सीय देख-रेख में दवाओं का सेवन आवश्यक हो सकता है। इस अवसर पर 35 लोगों की मानसिक तनाव की जांच की गयी जिसमें 18 व्यक्ति किसी न किसी रूप में तनाव ग्रस्त पाये गये। उन्हें मुफ्त चिकित्सीय सलाह दी गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पहल की नीलिमा गुप्ता, पवन कुमार साव, सुमन कुमार, शिव कुमार, मनोज कुमार एवं रघु कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

**<u>TB Awareness Program on eve of World TB Day at Exhibition Road, Patna (23rd March 2013):</u>** TB Awareness program was organised on the eve of world TB Day at Exhibition Road, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered the lecture

on TB and shared the updated information about prevention and treatment. President of PAHAL and Infertility Specialist Dr Himanshu Roy delivered lecture on TB and Infertility. Many people benefited during the awareness camp.

दैनिक जागरण पटना, 24 मार्च 2013

## महामारी बनती जा रही टीबी

**कार्यालय प्रतिनिधि, पटना** : विश्व की सबसे पुरानी बीमारी अब देश में महामारी का रूप धारण करती जा रही है। खासकर अपने प्रदेश बिहार में। यहां अत्यधिक जनसंख्या घनत्व के कारण मरीज तो काफी तेजी से बढ़ रहे हैं लेकिन इलाज की सुविधाएं अभी तक परिपक्व नहीं हो सकी हैं।

भारत, खासकर बिहार में हर 5 में से 2 व्यक्ति टीबी के कीटाणु से संक्रमित है। फेफड़ों की टीबी से संक्रमित एक मरीज एक साल में 10-15 स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है। यह जानकारी शनिवार को विश्व यक्ष्मा दिवस की पूर्व संध्या पर पब्लिक अवेयरनेस फार हेल्थफुल एपरोच फार लिविंग (पहल) की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसे संबोधित करते हुए डा.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि टीबी मरीजों को दवा का कोर्स पूरा करना चाहिए। बांझपन विशेषज्ञ डा.हिमांशु राय ने बताया कि 33 फीसद से अधिक मामलों में इसका कारण टीबी होता है। मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डा.किरण शरण ने कहा कि बच्चों को बीसीजी टीका देने से टीबी होने की आशंका काफी कम हो जाती है। ईएंडटी विशेषज्ञ डा.केके शरण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि बिहार में मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है लेकिन इसके इलाज की बेहतर व्यवस्था नहीं है।

**विश्व यक्ष्मा दिवस पर विशेष**

- भारत में हर तीन मिनट में यक्ष्मा (टीबी) दो लोगों की जान लेता है।
- बिहार एवं भारत में हर पांच में से दो लोग तथा विश्व के 20 फीसद टीबी मरीज देश में रहते हैं। हर साल 18 लाख नए रोगी।
- डाट्स (डायरेक्ट आब्जर्वड ट्रीटमेंट, शार्ट कोर्स) का विकास भारत में पिछले 35 वर्षों के दौरान टीबी पर हुए शोध के आधार पर विकसित किया गया है।
- 1997 में डाट्स कार्यक्रम के लागू होने के बाद भारत में टीबी के मरीजों व उनके ठीक होने की दर में दोगुना वृद्धि दर्ज की गई है।
- डाट्स के तहत इलाज कराने वाले 10 में से 8 मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। पहले इनकी संख्या 10 में महज 3 की थी।
- टीबी मरीजों की खराब देखभाल के कारण मल्टी ड्रग रजिस्टेंस ट्यूबरक्लोसिस (एमडीआरटीबी) विकसित हो जाता है। डाट्स इस स्तर को आने से रोकने के साथ इसे कम भी करता है।
- फेफड़े की टीबी के मरीजों को 6 से 9 महीने दवा खानी चाहिए
- हड्डी व मस्तिष्क के टीबी मरीजों को 18 से 24 महीने नियमित दवा खानी चाहिए
- एमडीआर टीबी के मरीजों को 24 से 28 महीनों तक चिकित्सकों की देखरेख में टीबी की दवा खानी चाहिए।

**<u>Free Asthma and Obesity checkup Camp at Exhibition Road, Patna (25th March 2013):</u>** PAHAL organised free Asthma and BMI checkup camp at Patna. Medical Director of PAHAL examined the patients and advised them. He also talked about the preventive measures. Many people benefited during the camp.

प्रभात खबर पटना, मंगलवार, 26 मार्च, 2013

## 50 से अधिक लोगों ने करायी जांच

**पटना** ■ पहल के द्वारा मुफ्त मोटापा (बीएमआइ) व कंप्यूटराइड फेफड़ा जांच का आयोजन डॉ दिवाकर तेजस्वी के क्लिनिक पर किया गया. जांच के दौरान डॉ तेजस्वी ने कहा कि मोटापा असमय मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और इससे मधुमेह एवं बीपी की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है. पुरुषों में कमर की मोटाई 90 सेमी तथा महिलाओं में कमर की मोटाई 80 सेमी से अधिक नहीं रहनी चाहिए. महिलाओं के शरीर में फैट का प्रतिशत 15 से 25 एवं पुरुषों में 10 से 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए. इस अवसर पर 50 से अधिक लोगों ने जांच करायी. कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन कुमार साव, नीरज कुमार, सुमन कुमार व रघु कुमार ने अपना सहयोग दिया.

## PAHAL – At a Glance











